तापमान

अधिकतम 37 .8 डिग्री

न्यूनतम 22 .4 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार, 28 सितंबर, 2025



14 97 कॉलेज के शिक्षकों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन





14 रंगीन डांडिया पर थिरकी छात्राएं, रंगोली से प्रतिभा दिखाई




## खबर संक्षेप

### दो कैंटरों की टक्कर में एक चालक की मौत

**समालखा।** समालखा फ्लाईओवर पर शुक्रवार की देर रात दो कैंटरों की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक कैंटर के चालक मुकेश की मौत हो गई। इधर, थाना समालखा पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात करीब दो बजे जीटी रोड पर तेज रफ्तार कैंटर ने फ्लाईओवर पर खड़े खराब कैंटर को पीछे से टक्कर मार दी। खराब हुए कैंटर का अगला टायर फट गया था और टायर को बदला जा रहा था। पुलिस ने कडे प्रयास कर ट्रैफिक को सूचारू करवाया।

### अवैध देसी पिस्तौल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने समालखा से चुलकाना रोड पर अमित उर्फ मीता पुत्र रोहतास निवासी गांव ढोढपुर को अवैध देसी पिस्तौल के साथ पकडा है। आरोपी अमित उर्फ मीता ने पुलिस को उक्त देसी पिस्तौल वह दोस्तों में रौब दिखाने के लिए मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश से खरीदकर लाया था। असला सप्लायर को पकडने के लिए आरोपी अमित को पुलिस ने कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत

**कुरुक्षेत्र।** दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में स्कूटी सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान 38 साल के महाबीर निवासी सिरसला के रूप में हुई है। महाबीर कोल्ड स्टोर के पास पहुंचे तो जीटी रोड की तरफ जा रही कार ने स्कूटी में टक्कर दे मारी। टक्कर लगते ही महाबीर स्कूटी समेत सड़क पर गिर पड़े और वे बेहोश हो गए। घायल को सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### जहर देकर व्यक्ति की हत्या करने का आरोप

**यमुनानगर।** गांव मलिकपुर बांगर में केहर सिंह उर्फ कुकल पर जहरीला पदार्थ देकर इकबाल अहमद की हत्या करने का आरोप लगा है। गांव मलिकपुर बांगर निवासी साबिर अली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 मई को वह जगाधरी अपने काम पर गया था। दोपहर को उसकी माता का फोन आया कि उसके पिताजी इकबाल अहमद के मुंह से झाग आ रहा है। पूछने पर उसने बताया कि केहर सिंह उर्फ कुकल ने उसे जहरीला पदार्थ दिया है। 18 मई को उसके पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### केयूके से एक साथ दो डिग्री करने का मौका

**अंबाला।** गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में एकेडमिक डिवेलपमेंट एंड रिसर्च सेल की ओर से सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रोफेसर खुशविंदर कौर बताया कि अब कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से एक साथ दो डिग्री की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिस्पर्धी युग में एक डिग्री से रोजगार के अवसर सीमित हो जाते हैं।

## अमित शाह 3 को आएंगे कुरुक्षेत्र, तीन नए कानूनों पर प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन

अंबाला रेंज के आईजी पंकज नैन ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

अंबाला रेंज आईजी पंकज नैन ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर ब्रह्मसरोवर के मेला ग्राउंड में केंद्रीय मंत्री अमित शाह के आगमन पर लगने वाली प्रदर्शनी में सुधारों के सकारात्मक प्रभाव नजर आएंगे। कुरुक्षेत्र में ही भगवान श्रीकृष्ण ने न्याय के लिए गीता का उपदेश दिया था।

अब कुरुक्षेत्र से ही नए आपराधिक कानूनी के बारे में ऐतिहासिक कार्यक्रम 3 अक्टूबर को केडीबी मेला ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की तरफ से तैयारियां शुरू कर दी गई है। अंबाला रेंज आईजी पंकज नैन शनिवार को केडीबी में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### प्रदर्शनी 4-5 दिनों तक चलेगी

आईजी पंकज नैन, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों ने 3 अक्टूबर के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह महत्वपूर्ण प्रदर्शनी 4-5 दिनों तक चलेगी, जिसे अधिवक्ता, छात्र, अभिभावक और आम नागरिक शामिल होकर आपराधिक न्याय प्रणाली में हुए बदलावों को समझ सके। उन्होंने कहा कि नए कानून से हुए परिवर्तन और उपलब्धियों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें 7 अलग-अलग विभागों की भूमिका को भी दर्शाया जाएगा। इस प्रदर्शनी को 10 भागों में विभाजित किया गया है।



बैठक

### दूसरे जिलों से 450 बसों से आएंगे नागरिक

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रशासन ने कार्यक्रम के लिए अधिकारियों को कामों की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जो अपनी-अपनी डयूटी को निभा रहे हैं। समय पर सभी तैयारियों को पूरा कर लिया जाएगा। कार्यक्रम में दूसरे जिलों से करीब 450 बसों से नागरिक आएंगे।

### ये स्थिति दिखाई जाएगी

कंट्रोल रुम में सूचना मिलने संबंधी प्रक्रिया होगी, सीन ऑफ क्राइम में घटना का परीक्षण दर्शाया जाएगा। इसी तरह अस्पताल में पोस्टमार्टम व इमरजेंसी की स्थिति दिखाई जाएगी, सीएफएसएल में रिपोर्ट तैयार की प्रक्रिया समझाई जाएगी। आईजी पंकज नैन ने कहा कि पुलिस स्टेशन में काम करने का तरीका बताया जाएगा, लीगल एड के तहत आरोप पत्र तैयार करने के नियम होंगे। इसी तरह जेल से दया याचिका तथा कोर्ट में न्यायिक फैसला होगा। पॉलिसी स्कीम और अंत में नए न्याय संहिता कानूनी जस्टिस की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

### मुख्य स्थानों के लिए पास जारी किए जाएंगे

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम में मुख्य स्थानों के लिए जिला प्रशासन द्वारा पास जारी किए जाएंगे। बिना पास वाले व्यक्तियों की चिन्हित स्थानों पर एंट्री नहीं होगी। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश सरकार की एक साल की उपलब्धियां को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम पिहोवा अभिनव सिवाच, एएसपी प्रतीक गहलोत, सीटीएम आशीष कुमार,जिला न्यायवादी मेनपाल, उपजिला न्यायवादी जेबी गोयल, उपजिला न्यायवादी डा. चंद्रमोहन, सीएमओ डॉ सुखबीर, जीएम रोडवेज शेर सिंह, सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जीएसटी में सुधार से हुआ नई आर्थिक क्रांति का शुभारंभ

केंद्रीय ऊर्जा और आवास मंत्री मनोहर लाल ने की पत्रकार वार्ता

*बोले, पीएम नरेंद्र मोदी ने आमजन से जुड़ी हर वस्तु से टैक्स कम कर जनता का भला किया ताकि सीधे तौर पर आम जनता को लाभ मिल सके।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को भाजपा के जिला कार्यालय श्याम कमल में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि जीएसटी कर सुधार से कृषि, उद्योग और एमएसएमई, उद्योगपतियों और व्यापारियों, उपभोक्ताओं को भी राहत पहुंचाने का कार्य किया है। वहीं, मंत्री लाल ने कहा कि जीएसटी कर सुधार से नई आर्थिक क्रांति का शुभारंभ हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमजन से जुड़ी हुई ज्यादा से ज्यादा चीजों पर ज्यादा टैक्स घटाया है ताकि सीधे तौर पर आम जनता को लाभ हो। जीएसटी के नए स्लैब में 90 प्रतिशत वस्तुएं ऐसी हैं जो 28 से 12 प्रतिशत की गई हैं और 99 प्रतिशत वस्तु ऐसी है जो 18 से 5 प्रतिशत की गई है।

इसका हर वर्ग को फायदा होगा। इस अवसर पर मंत्री मनोहर लाल के साथ शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, केंद्रीय मंत्री के पानीपत प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया आदि उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार के कुशल वित्त प्रबंधन के कारण जहां भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है, वहीं देश की आंतरिक अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और समाज के हर वर्ग को राहत प्रदान करने के लिए सरकार ने जहां इनकम टैक्स की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए वार्षिक किया है वहीं अब वस्तु एवं सेवा कर की दर को घटाकर 5 और 18 प्रतिशत करके भी आम जनता को बड़ी राहत प्रदान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में सुधार का लाभ सभी उपभोक्ताओं को दिलवाने के लिए भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को धरातल पर प्रयास करने होंगे।




**पानीपत।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल को सम्मानित करते हुए पानीपत के सीए सोनू गोयल, भूपेंद्र दीक्षित, रविंद्र, जगदीश धमीजा। *फोटो : हरिभूमि*

### बचत उत्सव बनेगा दीपावली पर्व

केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने आर्य कॉलेज के सभागार में वस्तु एवं सेवा कर संरचना को सरल बनाने पर जीएसटी बचत उत्सव पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार दिवाली जनता के लिए बचत उत्सव बनेगी। वहीं, मंत्री मनोहर लाल ने ग्रीन पानीपत मिशन के तहत परिसर में पौधारोपण भी किया और जनता से पानीपत के हरभरा शहर बनाने की अपील की। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को सीए सोनू गोयल, सीए भूपेंद्र दीक्षित, सीए रविंद्र सिंह, सीएम जगदीश धमीजा आदि ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## पंचायत सचिव 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**इंद्री।** पंचायत सचिव को काबू कर ले जाती विजिलेंस विभाग की टीम ।

- ठेकेदार से बिल पास करवाने की एवज में मांगे थे 20 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इंद्री

इंद्री में विजिलेंस विभाग की टीम ने ठेकेदार की शिकायत पर एक पंचायत सचिव को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू किया है। पंचायत सचिव एक ठेकेदार से बिल पास करवाने की एवज में 20 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था । जिसे लेकर ठेकेदार ने मामले की शिकायत विजिलेंस टीम को दे दी । विजिलेंस विभाग की टीम ने जाल बिछा कर पंचायत सचिव अमित कुमार को काबू कर लिया।

ठेकेदार सुखविंद्र ने बताया कि पंचायत सचिव उससे 20 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा था तो उसने मामले की शिकायत विजिलेंस टीम को दी । विजिलेंस टीम ने उसको 20 हजार रूपए के केमिकल लगे नोट दिए इसके बाद इंद्री नगर पालिका कार्यालय के पास पैसे लेकर पहुंच गया जहां पर सचिव द्वारा रिश्वत के 20 हजार रुपए लेते ही विजिलेंस की टीम ने सचिव से केमिकल लगे नोट बरामद कर काबू कर लिया ।

विजिलेंस टीम के अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि ठेकेदार ने पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत दी थी कि ग्राम सचिव अमित कुमार ठेकेदार से पंचायत के कार्यों के बिल पास करने के नाम पर रिश्वत की मांग कर रहा है । पंचायत सचिव से केमिकल लगे नोट बरामद कर काबू कर लिया है। विजिलेंस अधिकारी ने बताया कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही है ।

## खेल स्टेडियम को लेकर मंत्री पर अभद्र टिप्पणी

### वीडियो वायरल, भाजपा कार्यकर्ता भड़के

- युवक ने माफी मांगकर छुड़ाई जान, पुलिस ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम परिसर में मंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक ने माफी मांग ली। उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। युवक निर्माणाधीन स्टेडियम को लेकर वीडियो में अप्रत्यक्ष रूप से अंबाला छावनी के विधायक व कैबिनेट मंत्री अनिल विज पर बिना नाम लिए इशारों में निशाना साध रहा है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा।

दर्जनों कार्यकर्ता युवक के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अंबाला छावनी थाने में जमा हो गए। कार्यकर्ताओं ने युवक के खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। युवक वीडियो में निर्माणाधीन स्टेडियम को जल्द पूरा करने की भी बात कह रहा है। साथ ही अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल कर रहा है। बिगड़े माहौल के बाद शाहपुर मच्छौड़ा गांव का रहने वाले इस युवक ने तुरंत नया वीडियो जारी कर माफी मांग ली।

### मुठभेड़ में घायल आरोपी गिरफ्तार, बदमाश के पैर में लगी थी गोली

**कुरुक्षेत्र।** अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने मुठभेड़ में घायल आरोपी राहुल उर्फ हरशु वासी पीडल जिला कैथल तथा मामले में शामिल एक और आरोपी अमन कुमार उर्फ कमाऊ वासी सिसमौर जिला कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

19 सितम्बर को पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि कुरुक्षेत्र आईलेट्स सेंटर पर गोली चलाने के आरोपी प्रतापगढ़ गांव के पास लिंक रोड पर घूम रहे हैं। एसटीएफ की टीम जब प्रतापगढ़ के पास लिंक रोड पर पहुंची तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों की टांगों में गोली लगी।


## पुलिस हिरासत से फरार आरोपी सतबीर फिर काबू

- चोरी मामले में जांच के दौरान लालडू से फरार हुआ था
- एक सब इंस्पेक्टर समेत तीन कर्मचारी हो चुके हैं सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की हिरासत से फरार आरोपी सतबीर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके लिए आरपीएफ ले लगातार दो दिन तक दबिश दी। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने आरपीएफ जवानों को कड़ी मशक्कत करवाई।

भागते समय गिरने से 2 जवान घायल भी हुए, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में दाखिल करवाया गया।अब उसे अदालत में पेश किया गया है। आरोपी के फरार होने के बाद सीनियर डीएससी अरुण त्रिपाठी ने तुरंत पांच टीमें गठित की थीं। इन टीमों में क्राइम इंटेलिजेंस ब्यूरो (सीआईबी), कैंट आरपीएफ थाना प्रभारी की टीम के साथ लखनऊ और यमुनानगर से आए अनुभवी इंस्पेक्टर शामिल थे। इसके अलावा तीन और टीमें लगातार सतबीर की तलाश में लगी रहीं। टीमों ने अंबाला और आसपास के इलाकों में दबिश दी। पुराने नेटवर्क के आधार पर आरोपी का पीछा किया गया। महज 48 घंटे की इस तेज कार्रवाई के बाद सतबीर को दबोच लिया गया।



### आरपीएफ को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

*बता दें कि सतबीर को कुछ दिन पहले अंबाला-धूरी रेल सेक्शन से ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन (ओएचई) के पार्ट्स चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया था। रेल संपति की चोरी न केवल आर्थिक नुकसान से जुड़ी होती है, बल्कि ट्रेन संचालन और यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा मानी जाती है। इसी कारण आरपीएफ इस मामले को गंभीरता से ले रही थी। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में सतबीर ने कई अन्य लोगों के नाम बताए थे, जिनमें पंजाब के लालड़ू इलाके के कुछ युवक भी शामिल थे। इन्हीं की गिरफ्तारी के लिए जब आरपीएफ की टीम सतबीर को लालड़ू लेकर गई। तभी सोमवार दोपहर उसने मौके का फायदा उठाया। झाड़ियों की आड़ लेकर वह जवानों को चकमा देकर भाग निकला। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीनियर डीएससी अरुण त्रिपाठी ने मामले में एक सब-इंस्पेक्टर समेत तीन आरपीएफ कर्मियों को लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। साथ ही पंजाब पुलिस को भी जांच में शामिल किया गया। आरोपी सतबीर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई।*

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो छात्रों की मौत

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा में संधौला-रुआं लिंक रोड पर तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने 2 बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में 17 साल और 13 साल के दो छात्रों की मौत हो गई। जबकि हादसे में 2 किशोर घायल हो गए। इसमें 8 वर्षीय गंभीर घायल का चंडीगढ़ पीजीआई में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। मृतक किशोर की पहचान पिहोवा के गांव रुआं निवासी सौरव और दमन निवासी संधौला के रूप में हुई। सौरव 11वीं और दमन 10वीं क्लास में पढ़ते थे।

रुआं गांव निवासी सतपाल ने बयान दिए कि वह अपने भाई धर्मपाल के साथ सैर करने के बाद गांव संधौला से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान संधौला-रुआं लिंक रोड पर पीछे से आई तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने बाइक के पीछे टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। इस बाइक पर उसका बेटा सौरव और उसका दोस्त देवेंद्र सवार थे। बोलेरो ड्राइवर ने रुकने की बजाय आगे बढ़ते हुए सामने से आ रही दूसरी बाइक को भी टक्कर मार दी। इसमें बाइक पर सवार संधौला गांव के 2 भाई दमन और उदय भी बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर गए। राहगीरों ने चारों बच्चों को प्राइवेट गाड़ी से पिहोवा के प्राइवेट अस्पताल में पहुंचाया।

## तृतीया तिथि दो दिन होने से बनी असमंजस की स्थिति

# शोभन योग में 30 को मनाई जाएगी दुर्गा अष्टमी

- इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की होती है पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

आश्विन शुक्ल अष्टमी तिथि को दुर्गा अष्टमी मनाई जाती है। शारदीय नवरात्रि की आठवीं तिथि को दुर्गा अष्टमी का व्रत रखते हैं। इसे महाष्टमी भी कहा जाता है।

दुर्गा अष्टमी को मां महागौरी की पूजा का विधान है। इस दिन कन्या पूजा भी करते हैं। दुर्गा अष्टमी का पावन व्रत हर बार नवरात्रि में आठवें दिन होता है। इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा करते हैं। दुर्गा अष्टमी पर कन्या पूजा भी की जाती है। इस बार दुर्गा अष्टमी कब है, इसकी तारीख को लेकर बड़ा कन्फ्यूजन है क्योंकि तृतीया तिथि दो दिन है। 2 दिन तिथि होने के कारण नवरात्रि 10 दिनों की हो गई और आठवें दिन दुर्गा अष्टमी नहीं है, तिथि के अनुसार दुर्गा अष्टमी 9वें दिन पड़ रही है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि पंचांग के अनुसार, दुर्गा अष्टमी के लिए आश्विन शुक्ल अष्टमी तिथि 29 सितंबर दिन सोमवार को शाम 04 बजकर 31 मिनट से प्रारंभ हो रही है। इस तिथि का समापन 30 सितंबर दिन मंगलवार को शाम 06 बजकर 06 मिनट पर होगा. ऐसे में उदयातिथि के आधार पर दुर्गा अष्टमी 30 सितंबर मंगलवार को है। नवरात्रि में दुर्गा अष्टमी और महानवमी के दिन कन्या पूजा का विधान है. वैसे तो आप नवरात्रि के 9 दिन आप कन्या पूजा कर सकते हैं, लेकिन समय अभाव के कारण लोग दुर्गा अष्टमी और महानवमी को कन्या पूजा करते हैं. इस साल शारदीय नवरात्रि में कन्या पूजा 30 सितंबर मंगलवार को है।

इस बार की दुर्गा अष्टमी पर शोभन योग बन रहा है। उस दिन शोभन योग प्रातःकाल से लेकर 1 अक्टूबर दिन बुधवार को 01 बजकर ए एम तक है। उसके बाद से अतिगण्ड योग बनेगा. शोभन योग एक शुभ योग है। इसमें आप पूजा, पाठ और अन्य शुभ कार्य कर सकते हैं। दुर्गा अष्टमी पर मूल नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर सुबह में 06 बजकर 17 मिनट तक है।



पंडित रामराज कौशिक।

### दुर्गा अष्टमी मुहूर्त

दुर्गा अष्टमी के दिन ब्रह्म मुहूर्त 04:37 से 05:25 तक है। ब्रह्म मुहूर्त को स्नान के लिए सबसे अच्छा समय माना जाता है. दुर्गा अष्टमी का अभिजीत मुहूर्त दिन में 11 बजकर 47 मिनट से दोपहर 12 बजकर 35 मिनट तक है। इस दिन का निशिता मुहूर्त रात में 11 बजकर 47 मिनट से देर रात 12 बजकर 35 मिनट तक है।

### दुर्गा अष्टमी का महत्व

दुर्गा अष्टमी के दिन स्नान एवं षोडशोपचार पूजा से दुर्गा पूजा का शुभारंभ होता है। महा सप्तमी के दिन दुर्गा मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। दुर्गा अष्टमी पर व्रत रखकर मां महागौरी की पूजा करते हैं।

## अंबाला के आसमान में मानव रहित विमान दिखाएंगे ताकत

- भारतीय सेना 29 को करेगी क्षमता का प्रदर्शन

**अंबाला।** भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार अपने मानव रहित विमानों की क्षमता को पेश करेगी। 29 सितंबर को यहां के नारायणगढ़ स्थित फील्ड फायरिंग रेंज में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें सेना वायु समन्वय अभ्यास के समापन पर द्विपक्षीय मानव रहित विमान और काउंटर मानव रहित विमान प्रणाली की क्षमता का प्रदर्शन करेगी।

इस प्रदर्शन में अनूठे अभ्यास के महत्व को भी बताया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के दांत खट्टे करने के बाद अंबाला में सेना इस गतिविधि को करने जा रही है। इस प्रदर्शन में दिखाया जाएगा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद परिवर्तन के पथ पर निरंतर किस प्रकार से सेना आगे बढ़ रही है। सेना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उभरते खतरों से निपटने के लिए किस प्रकार से नवीन समाधान विकसित कर रही है। हालांकि यह कार्यक्रम सामान्य लोगों के लिए नहीं रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश के चुनिंदा सैन्य व वायु सेना के ठिकानों में से अंबाला अलर्ट पर था। यहां पर सेना, वायु सेना व प्रशासन मिलकर मॉक ड्रिल का अभ्यास कर रहे थे। वायु सेना भी अपने आधुनिक उपकरणों से नजर बनाए हुए थी।

खबर संक्षेप

## युवकों ने महिला को रास्ते में रोक कर की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** शहर जगाधरी थाना क्षेत्र के गांव में दो युवकों ने महिला को रास्ते में रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 37 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोनू गुर्जर व राहुल उसे काफी दिन से पीछा कर परेशान कर रहे थे। महिला ने बताया कि एक दिन वह गांव में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान दोनों आरोपियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब उसने आरोपियों का विरोध किया तो आरोपियों ने उसे अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने की धमकी दी।

## बाइक सवार युवकों ने व्यक्ति से झपटा फोन

**यमुनानगर।** जगाधरी के केसर नगर में रात के समय बाइक सवार युवकों ने एक व्यक्ति के हाथ से मोबाइल झपट लिया। जानकारी के अनुसार केसर नगर जगाधरी निवासी सन्नी चौहान ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 सितंबर को रात साढ़े नौ बजे आरोपी युवकों ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया।

## चोरों ने दिनदहाड़े सूने घर का ताला तोड़ा

**यमुनानगर।** शहर के इंडस्ट्रियल एरिया में चोरों ने दिनदहाड़े सूने घर का ताला तोड़कर 80 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के इंडस्ट्रियल एरिया निवासी सुरेश ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्री है। फैक्ट्री के पास ही उसने अपना घर बनाया हुआ है। वह 25 सितंबर को सुबह 10 बजे घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। रात को करीब साढ़े 10 बजे जब वह घर वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखें 80 हजार रुपए, चांदी की पाजेब दो जोड़ी, दो जोड़ी मंगलसूत्र, चांदी की चेन तथा झुमके गायब मिले। आभूषणों की कीमत करीब 1.80 लाख रुपये है।

### निरीक्षण के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की

# धान खरीद का रोज होगा भुगतान किसानों को नहीं होगी परेशानी

सभी अनाज मंडियों में 22 सितंबर से शुरू हो चुकी है धान की खरीदारी: डीसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले की अनाज मंडियों धान की खरीद सुचारू रुप से करवाए जाने व किसानों को सुविधाएं मुहैया करवाए जाने के लिए निरीक्षण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने उक्त जानकारी दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला की सभी अनाज मंडियों में गत 22 सितंबर से धान की खरीद शुरू हो चुकी है तथा खरीद एजेंसियों के द्वारा धान की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि अनाज मंडियों में खरीदी गई धान का भुगतान प्रतिदिन किया जाएगा और इसकी व्यवस्था खरीद एजेंसियों द्वारा की जाएगी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि धान की खरीद व अन्य सुविधाओं के निरीक्षण हेतु अलग अलग मंडियों में उच्च अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

### इन्हें सौंपी जिम्मेदारी

यमुनानगर व जगाधरी अनाज मंडी के लिए उप तहसीलदार जगाधरी को निरीक्षण अधिकारी, सरस्वती नगर अनाज मंडी के लिए उप तहसीलदार सरस्वती नगर को निरीक्षण अधिकारी तथा इन सभी मंडियों के लिए उप मंडल अधिकारी (ना) जगाधरी को ओवर ऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि छछरौली व खारवन अनाज मंडी के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी छछरौली, प्रतापनगर अनाज मंडी के लिए उप तहसीलदार प्रताप नगर को निरीक्षक अधिकारी तथा इन मंडियों के उप मंडल अधिकारी (ना) छछरौली ओवर ऑल इंचार्ज होगें।

### मार्किट फीस की चोरी न हो

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अनाज मंडियों में किसानों, व्यापारियों एवं मजदूरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, शौचालयों की व्यवस्था,सड़क की मरम्मत, बिजली का प्रबंध आदि मार्किट कमेटियों के सचिवों द्वारा किया गया है। उन्होनें बताया कि धान रखने हेतु पर्याप्त मात्रा में बोरियों का प्रबंध, धान की लदाई हेतु पर्याप्त मात्रा में श्रमिकों, धान रखने हेतु पर्याप्त मात्रा में गोदामों की व्यवस्था धान खरीदने वाली एजेंसियों द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि अनाज मंडियों में खरीदी गई धान का भुगतान प्रतिदिन किया जाएगा । उन्होंने बताया कि चैकिंग के दौरान नियुक्त किए गए अधिकारी सुनिश्चित करें कि खरीद का सही तरीका अपनाया जा रहा हो और मार्किट फीस की चोरी न हो।

### व्यासपुर अनाज मंडी की ये संभालेंगे कमान

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि व्यासपुर अनाज मंडी के लिए उप तहसीलदार व्यासपुर, रणजीतपुर अनाज मंडी के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व्यासपुर, साढ़ौरा व रसूलपुर अनाज मंडी के लिए उप तहसीलदार साढ़ौरा को निरीक्षक अधिकारी तथा इन जबकि इन अनाज मंडियों के लिए उप मंडल अधिकारी (ना) व्यासपुर ओवर ऑल इंचार्ज होगें। उन्होंने बताया कि रादौर अनाज मंडी के लिए तहसीलदार रादौर, जठलाना व गुमथला रॉव अनाज मंडी के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रादौर निरीक्षण अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जबकि उप मंडल अधिकारी (ना) रादौर ओवर ऑल इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं।



**यमुनानगर।** सरस्वती अनाज मंडी में निरीक्षण के दौरान धान की नमी देखते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

## सरस्वती नगर अनाज मंडी का डीसी ने किया निरीक्षण

### किसानों और आढ़तियों की समस्याएं सुनी

**यमुनानगर।** जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने रविवार को जिले की सरस्वती नगर अनाज मंडीका औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सरस्वती नगर अनाज मंडी में निरीक्षण के दौरान धान खरीद कार्यों के साथ अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर किसानों और आढ़तियों की समस्याओं को सुना। मौके पर उन्होंने धान की नमी की भी जांच की।

उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के हित को देखते हुए धान की खरीद 1 अक्तूबर की बजाय गत 22 सितंबर से शुरू कर दी है। जिला की सभी अनाज मंडियों में धान की खरीद का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि जिले में हैफेड, वेयर हाऊस और फूड सप्लाई एजेंसियों द्वारा धान की खरीद की जा रही है। इस वर्ष जिला की मंडियों में लगभग 6 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रेड ए धान 2389 रुपये प्रति क्विंटल , कॉमन ग्रेड धान 2369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। अब तक जिला की सभी 13 मंडियों में 14 हजार 536 मीट्रिक टन ग्रेड ए धान की आवक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 6 हजार 937 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 2 हजार 406 मीट्रिक टन की खरीद हुई है।

### अनाज मंडियों में किसानों को ना आने दें परेशानी

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि जिला की सभी अनाज 13 मंडियों में धान खरीद से पहले सभी प्रकार की व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने मंडी में बिजली, स्वच्छ पानी व शौचालयों आदि सुविधाओं के बारे में मंडियों में उपस्थित संबन्धित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने किसानों से धान की फसल सुखाकर ही मंडियों में लाए जाने की अपील की।

## शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई



**यमुनानगर।** शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल में शहीदे आजम भगत सिंह को नमन करते स्टाफ सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

**रादौर।** शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल झीवरहेड़ी में शनिवार को महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल के प्रबंधक बलवंत सिंह ने भाग लिया। वहीं, अध्यक्षता प्रिंसीपल रुही रानी ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि समेत स्कूल के स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर फूलमालाएं अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यातिथि एवं स्कूल प्रबंधक बलवंत सिंह ने कहा कि शहीद भगत सिंह ने देश को आजाद करवाने में अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनकी शहीदी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमें अपने शहीदों को सदैव याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हम सभी खुली हवा में शहीदों द्वारा दिए गए बलिदानों की वजह से सांस ले रहे हैं। मौके पर विद्यार्थियों ने शहीद भगत सिंह के जीवन, संघर्ष व देश के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान पर भाषण और देश भक्ति से ओतप्रोत कविताएं सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए समर्पित रहने की शपथ ली। मौके पर विद्यालय की प्रिंसीपल रूही रानी ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर वाइस प्रिंसीपल जाहिता व कविता आदि मौजूद रही।

## महंगाई से मिलेगी राहत: मंत्री

- हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा रादौर के सफल पैलेस में जीएसटी को लेकर आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में संशोधन करना एक ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने रविवार को हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा रादौर के सफल पैलेस में जीएसटी की दरों को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उक्त शब्द कहे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जीएसटी दरों में संशोधन करने के निर्णय से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही महंगाई से भी राहत मिलेगी।




**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित कार्यक्रम में जीएसटी के बारे में जानकारी देते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व कार्यक्रम में भाग लेते हुए व्यापारी, उद्योगपति व भाजपा कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### स्वच्छता के लिए सभी को आना होगा आगे

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि विदेशों में लोग सफाई की ओर विशेष ध्यान देते हैं तभी वह देश सफाई के मामले में सबसे आगे हैं। इसलिए यदि हमें भी अपने गांव, शहर, प्रदेश व देश को साफ. सफाई एवं स्वच्छता में आगे बढ़ाना है तो हम सभी को स्वच्छता के मामले में आगे आना होगा।

### एक पेड़ मां के नाम मुहिम का बनें हिस्सा

कृषि मंत्री ने कहा कि हम सभी को देश के प्रधानमंत्री की एक पेड़ मां के नाम चलाई गई मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए। यदि हमें अपना पर्यावरण दूषित होने से बचाना और भंयकर बीमारियों से बचना है तो हमें इस मुहिम का हिस्सा बनना ही पड़ेगा। आज हमारा पर्यावरण लगातार दूषित होता जा रहा है।



**यमुनानगर।** वार्ड नंबर 17 में विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए मेयर सुमन बहमनी व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा। *फोटो : हरिभूमि*

## विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें : बहमनी

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की मेयर सुमन बहमनी ने निगम के वार्ड नंबर 17 में 60.11 लाख रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व पार्षद दीक्षित धीमान मौजूद रहे। मेयर सुमन बहमनी ने संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और नियमानुसार विकास कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वार्ड 17 की नवाब कॉलोनी में 29 लाख 66 हजार रुपये की लागत से तीन गलियों व आरसीसी पाइप लाइन का नवनिर्माण किया जाएगा। इसके अलावा 30 लाख 45 हजार रुपये की लागत से वार्ड 17 की ही लक्ष्मी नगर एक्सटेंशन कॉलोनी में उषा देवी के घर से कुर्बान ऑफिस से होते हुए कविता रानी के घर तक पक्की गली व आरसीसी पाइप लाइन डालने का नवनिर्माण किया जाएगा। दोनों विकास कार्य होने से क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों को लाभ होगा। गलियां बनने से नागरिकों को आसान राह मिलेगी। पाइप लाइन डालने के कार्य से क्षेत्र में पानी निकासी की समस्या का समाधान होगा। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम के हर वार्ड के नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसी को ध्यान में रखकर बिना भेदभाव हर वार्ड में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा रहे है। अनेक बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए गए है।

## छात्रा प्रियंका ने जीती स्लोगन प्रतियोगिता




**यमुनानगर।** के ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज नाचरौन में आयोजित प्रतियोगिता में बनाए गए लोगो की आकृतियों को दिखाते हुए प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी नाचरौन(रादौर) में शनिवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर स्लोगन समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार ने की। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण भी किया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार ने बताया कि स्लोगन प्रतियोगिता में प्रियंका ने प्रथम, सलमान ने द्वितीय व साहिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, लोगो मेकिंग प्रतियोगिता में भव्य ने प्रथम व कार्तिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस हमें यह याद दिलाता है कि फार्मासिस्ट न केवल दवाओं के प्रदाता हैं। बल्कि स्वास्थ्य के संरक्षक, रोगी सुरक्षा के पक्षधर व स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार के स्तंभ भी हैं। प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार ने कहा कि संस्थान अपने विद्यार्थियों को इन्हीं मूल्यों के साथ समाज में सार्थक योगदान देने के लिए निरंतर प्रेरित करता है। इस आयोजन के माध्यम से संस्थान ने एक बार फिर भविष्य के फार्मेसी लीडर्स तैयार करने, स्वास्थ्य नवाचार को आगे बढ़ाने, समाज व पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। असिस्टेंट प्रोफेसर जगदीप सिंह द्वारा कार्यक्रम में फार्मा क्विज का आयोजन किया।

## दशानन ने माता सीता का किया हरण

- ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन में चल रही श्रीराम लीला के आठवें दिन सीता हरण का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन में चल रही चौदह दिवसीय श्रीराम लीला में आठवें दिन सीता हरण का दृश्य मंचन किया गया। जिसमें माता सीता व महाराजा रावण का पात्र बने कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों को अर्ध रात्रि तक मंच के सामने बैठने पर मजबूर किए रखा।

श्रीरामलीला के आठवें दिन सीता हरण दृश्य मंचन में दिखाया गया शूर्पणखा महाराजा दशानन के दरबार में पहुंचकर उन्हें लक्ष्मण द्वारा उनकी नाक काटने और खर दुषण की मौत का समाचार सुनाती हैं। जिसे सुनकर महाराजा रावण क्रोधित हो उठते हैं और वह अपनी बहन शूर्पणखा के अपमान अपने भाइयों खर और दूषण की मौत का बदला लेने के लिए मामा मारीच की सहायता से साधु का वेश धारण कर कुटिया से सीता का हरण कर लेता है। मंच पर जब आकाश मार्ग से दशानन द्वारा जनकदुलारी को ले जाते हुए पुष्पक विमान को उड़ते हुए दिखाया तब दर्शक इस दृश्य को देखकर गदगद हो गए और खूब तालियां बजाकर कलाकारों की हौंसला अफजाई की।



**यमुनानगर।** गांव नाचरौन में ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब द्वारा आयोजित श्रीरामलीला में अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए माता सीता व महाराजा रावण के पात्र बने कलाकार।

### दर्शक भाव विभोर हो उठे

माता जानकी को रावण से मुक्त कराने के लिए जटायु भी घायल हो जाता है। जटायु अपने अंतिम श्वास प्रभु श्रीराम जी की गोद में लेता है। रामलीला जटायु उद्धार के साथ शबरी मिलन की ओर बढ़ती है। इस अवसर पर झूठे बेर खाने के दृश्य तथा नवधा भक्ति के उपदेश देने के प्रसंग देखकर दर्शक भाव विभोर हो उठे। शबरी माता सीता की खोज का मार्ग बताकर अपने प्राण त्याग देती है। मौके पर क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, निदेशक चंद्रपाल राणा व सेठपाल, राहुल राणा, रविंद्र राणा, यशपाल सिंह, संदीप राणा, सोमपाल कश्यप, मुकेश जेलदार आदि मौजूद रहे।

## एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर से युवक को चोरी की बाइक के साथ धर दबोचा

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर से एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक चोरी की बाइक को उत्तर प्रदेश बचने के लिए लेकर जा रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक ने बाइक चोरी की पांच वारदातों का खुलासा किया। पुलिस ने आरोपी से बाइक बरामद कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार टीम के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की बाइक को लेकर कलानौर होता हुआ उत्तर प्रदेश की तरफ जाएगा। इस सूचना के आधार पर एएसआई हुसन, मुख्य सिपाही वीरेंद्र, योगेश, रविंदर व नरेश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर जांच की तो उसके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपी ने यह बाइक 12 मई को थाना शहर यमुनानगर क्षेत्र से चोरी की थी। पूछताछ में आरोपी की पहचान सहारनपुर नकुड के गांव जलालपुर निवासी शुभम कुमार के नाम से हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक चोरी की पांच वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की पांच बाइक बरामद कर ली। इसके अतिरिक्त आरोपी ने अपने साथी धीरज के साथ मिलकर चार अगस्त को थाना सेक्टर 17 हुड्डा टाउन पार्क से एक बाइक चोरी की थी। इसके अतिरिक्त आरोपी से चोरी की तीन और बाइक बरामद की है। जिनको आरोपी धीरज ने चोरी किया था। आरोपी शुभम ने यह चोरी की बाइक धीरज से खरीदी थी। इंचार्ज ने बताया कि आरोपी धीरज जेल में बंद है, जिसको प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की जाएगी।



**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी बाइक चोर। *फोटो : हरिभूमि*

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की नई मिसाल: चौहान

**यमुनानगर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मेयर मदन चौहान ने कहा कि पंडित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना मोबाइल ऐप का शुभारंभ महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की नई मिसाल है। यह महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने शहर के गोबिंदपुरी मार्ग स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में इस योजना के शुरु किए जाने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान ने कहा कि पंडित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये की प्रत्यक्ष बैंक हस्तांतरण सुविधा प्रदान की जाएगी। मोबाइल ऐप के माध्यम से आवेदन, पंजीकरण और पात्रता जांच पूरी तरह पारदर्शी होगी।

### मंदिरों में माता के दरबार में पहुंचकर मां के भक्तों ने चढ़या नारियल और चुनरी

# छठे नवरात्र पर मां कात्यायनी की श्रद्धालुओं ने की पूजा

- सभी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शरदीय नवरात्र के छठे नवरात्र पर शनिवार को श्रद्धालुओं ने मां के मंदिरों में पहुंचकर मां के छठे स्वरुप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने मां को नारियल और चुनरी चढ़ाकर पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। शनिवार सुबह से ही श्रद्धालु शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर समेत जिले में स्थित मां के मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए थे। इस दौरान मां के भक्तों ने मां के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की। उन्होंने नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। खास बात यह रही की मां आदि शक्ति जगत जननी के सभी मंदिरों में सुबस से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर, बाला सुंदरी मंदिर, मां लक्ष्मी मंदिर, त्रिलोकपुर स्थित मां के मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। वहीं, कई स्थानों पर भजन कीर्तन का आयोजन कर मां का गुणगान किया गया।



**यमुनानगर।** प्राचीन श्री देवी मंदिर में भजन कीर्तन कर मां का गुणगान करते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि



### अमोघ फल देने वाली है मां कात्यायनी

मां शीतला माता मंदिर के पुजारी पंडित राजेश्वर ने बताया कि मां दुर्गा का छठा स्वरुप कात्यानी इसलिए पड़ा, क्योंकि महर्षि कात्यायन ने भगवती की कठोर तपस्या द्वारा माता से उनकी पुत्री के रुप में अवतरित होने का वरदान प्राप्त किया। कालांतर में ऋषि के यहां भक्तों के कल्याणार्थ कात्यायनी का प्रादुर्भाव हुआ। मां का यह स्वरुप अमोघ फल देने वाला है। इस मां के स्वरूप की अराधना ब्रज धाम की गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण को पाने के ली की थी। मान्यता है कि मां कात्यायनी का जप तक करने से मनोकामना पूरी होती है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन सिंह है। इनके दर्शन से धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष यानी चारों फलों की प्राप्ति संभव है।



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए किसान नेता। *फोटो : हरिभूमि*

## महीपाल बने अखिल भारतीय किसान सभा के प्रधान

**रादौर।** अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा शनिवार को रादौर की कांबोज धर्मशाला में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के जिला प्रधान जरनैल सिंह सांगवान ने की। सम्मेलन में सबसे पहले सभा की तीन वर्ष के लिए जिला स्तरीय नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जरनैल सिंह सांगवान प्रधान, महीपाल चमरोड़ी सचिव, प्यारेलाल तंवर कोषाध्यक्ष, नैब सिंह, रामकुमार कंबोज व मान सिंह मंडेबर को उप प्रधान, संजय सिंह व अजमेर सिंह कंडरौली को संगठन सचिव, श्यामलाल हरिपुर व रमेश कुमार खुर्दी सह सचिव सर्व समिति से चुने गए। मौके पर अध्यापक नेता सुरेंद्र सैनी ने शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह के विचार जनता के विचार हैं। शोषण, अन्याय व दमन के विरुद्ध भगत सिंह के विचार कमजोरों की शक्ति है। जात धर्म से ऊपर उठकर ही समाज में भाईचारा बनाकर ही समाज तरक्की कर सकता है। मानसिक गुलामी को तोड़कर ही शोषण व अन्याय से मुक्ति प्राप्त की जा सकती है। मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा अजय भवन के गुरु भजन सिंह मझैल, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव गुलशन भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गीता निकेतन विद्यालय में स्वदेशी सप्ताह शुरू

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर- 3 में स्वदेशी सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय में भगत सिंह सदन द्वारा किया गया। विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक स्वदेशी सप्ताह मनाया जाएगा।

### विरासत एएचए सांझी उत्सव का समापन 1 को

**कुरुक्षेत्र।** विरासत दि हेरिटेज विलेज जी.टी. रोड मसाना में विरासत हेरिटेज व एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे सांझी उत्सव-2025 का समापन 1 अक्टूबर को किया जायेगा। यह जानकारी विरासत एएचए सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि विरासत हेरिटेज विलेज एवं एएचए संस्कृति संरक्षण के लिए परंपराओं को सहेजने के लिए पिछले काफी समय से प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीण पृष्ठभूमि में सांझी लुप्त होती एक ऐसी लोककला है जिसको लोकजीवन में महिलाएं सदियों से बनाती आ रही हैं।

### पूजा स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**कुरुक्षेत्र।** पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शेख चिल्ली मकबरा और धरोहर कुरुक्षेत्र का शैक्षिक भ्रमण किया। इस यात्रा में कक्षा 6 से 10 तक के छात्र शामिल हुए, जिन्होंने ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया और इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। प्रिंसिपल शशि पंवार ने बताया कि धरोहर कुरुक्षेत्र एक ऐसा स्थल है जो हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है। यहाँ पर छात्रों ने ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की और स्थानीय कला और संस्कृति का अनुभव किया।

### फसल अवशेष प्रबंधन चेतना रैली का आयोजन

**पिहोवा।** खंड कृषि अधिकारी, पिहोवा डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि उपायुक्त कुरूक्षेत्र के निदेर्शानुसार एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक पिहोवा अभिनव सिवाच के मार्गदर्शन में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल दीवाना, कलसा, बोधनी में शनिवार को फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व पर जागरूकता फैलाने के लिए एक चेतना रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य क्षेत्र के किसानों और स्थानीय लोगों को फसल अवशेष जलाने के दुष्प्रभावों और इसके वैकल्पिक प्रबंधन विधियों के प्रति जागरूक करना रहा। रैली में स्कूली बच्चों, शिक्षकों और प्रशासन के अधिकारियों ने भाग लिया।

## रोटरी क्लब ने अश्वनी कालरा की स्मृति में किया आयोजन

# भाषण स्पर्धा में आर्य पीजी कॉलेज पानीपत ने प्राप्त की रनर ट्रॉफी

- प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के 21 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा सामाजिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए
- प्रिया ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय और कल्पना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा एवं वाणिज्य विभाग तथा एन.एस.एस. प्रकोष्ठ, मारकंडा नेशनल कॉलेज, शाहाबाद के संयुक्त तत्वावधान में दिवंगत अश्वनी कालरा की पावन स्मृति में इंटर कॉलेज भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार प्राचार्य, मारकंडा नेशनल कॉलेज, शाहाबाद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और वक्तृत्व कौशल का विकास करती हैं। उन्होंने दिवंगत अश्वनी कालरा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विद्यार्थियों को समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के 21 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा सामाजिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



**शाहबाद।** विजेता को सम्मानित करते अतिथिगण।

### मुख्य विषय रोटरी इंटरनेशनल थीम 2025-26 यूनाइट फॉर गुड रहा

मुख्य विषय रोटरी इंटरनेशनल थीम 2025-26 यूनाइट फॉर गुड रहा। इसके साथ ही सोशल मीडिया का समाज पर प्रभाव, माता-पिता की लापरवाही समाज के लिए अभिशाप तथा युवाओं का विदेश पलायन- पलायनवाद या मजबूरी जैसे विषय भी प्रतियोगिता में शामिल किए गए। परिणामों में रनिंग ट्रॉफी आर्य पी.जी. कॉलेज, पानीपत को प्राप्त हुई। प्रथम स्थान प्रिया (गुरुनानक खालसा कॉलेज, करनाल) ने हासिल किया, द्वितीय स्थान केशवी (आर्य पी.जी. कॉलेज, पानीपत) को मिला, तृतीय स्थान कल्पना (अंग्रेजी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय) ने प्राप्त किया तथा सांत्वना पुरस्कार काजल (डी.एम.एम. कॉलेज, कुरुक्षेत्र) और सानिया (मारकंडा नेशनल कॉलेज, शाहाबाद) को मिले।

### प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में अच्छे संस्कारों का संचार करना

इस अवसर पर रोटरी क्लब शाहाबाद के प्रधान डॉ. आर.एस. घुम्मन ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में अच्छे संस्कारों का संचार करना और उन्हें समाज निर्माण की दिशा में प्रेरित करना है। उन्होंने ब्रेन ड्रेन जैसी समस्या के दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। रोटरी असिस्टेंट गवर्नर रो. डॉ. एस.एस. आहूजा ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य अगली पीढ़ी को नेतृत्व एवं सामाजिक सेवा के लिए तैयार करना है। उन्होंने घोषणा की कि कॉलेज में शीघ्र ही एक रोट्रैक्ट क्लब स्थापित किया जाएगा। प्रोजेक्ट डायरेक्टर रो. संजीव कालरा ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि उनकी पावन स्मृति में यह भाषण प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाएगी। मंच संचालन एस.एस. काजल प्रधान, वाणिज्य विभाग एवं डॉ. भविनी तेजपाल एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी ने किया। इस अवसर पर रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेश गोयल, राज कुमार गर्ग, विरेंद्र ठुकराल, सुरेश गोगिया, राजेश जैन, प्रीतपाल सिंह ढिल्लों, समीर सेठी तथा दीपक कक्कड़, दीपक गांधी सहित अनेक रोटेरियन एवं कॉलेज का शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा।

### प्रतिभागियों की सराहना की

विजेताओं को स्मृति चिह्न तथा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में राज कुमार कथूरिया, अवशिश शर्मा और ए.के. शर्मा शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, तर्क एवं अभिव्यक्ति की सराहना की।

## सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

# एलसीएलओ का धरना 9वें दिन भी रहा जारी



**कुरुक्षेत्र।** सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एलसीएलओ- कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने हरियाणा सरकार की तानाशाही के खिलाफ धरना 9वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता एलसीएलओ की राज्य प्रधान नीतू ने की। धरने का संचालन पवन पलवल राज्य महासचिव ने किया।

### धरने को किया संबोधित

धरने पर उप महासचिव सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा संदीप सांगवान ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के एक एक कार्यकर्ता एलसीएलओ के राज्य स्तरीय आंदोलन को पूरा समर्थन करते हैं व जब भी इनको हमारी जरूरत पड़ेगी हम उसी समय धरने पर बैठे मिलेंगे। धरने को बिट्टू रंगा, रामेश्वर आजाद, दयानंद, राकेश कुमार, दीपक कुमार, सुरेंद्र यादव आदि ने भी संबोधित किया।

### विद्यार्थियों के संस्कार से ही विद्यालयों का आकलन किया जाता : संजय चौधरी

**कुरुक्षेत्र।** विद्यालयों से उत्तीर्ण होकर निकलने वाले छात्र उस संस्थान का परिणाम होते है। उन विद्यार्थियों के संस्कार यह बताते हैं कि उसने उस विद्यालयों के अध्यापकों से क्या सिखा। उनके संस्कार से ही विद्यालयों का आंकलन किया जाता है। ये विचार आज संजय चौधरी, क्षेत्रिय संयोजक, पूर्व छात्र परिषद विद्या भारती ने गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पूर्व छात्र सम्पर्क व पंजीकरण अभियान में रखे। इस अवसर शिक्षाविद हरि प्रकाश शर्मा, अंजली शर्मा, सुमन बत्रा, प्राचार्य, टिकीं संयोजक पूर्व छात्र परिषद, देवेंद्र आदि उपस्थित रहे।


**कुरुक्षेत्र।** संपर्क अभियान बारे जानकारी देते संजय चौधरी।

# किसान नवरात्रि के पावन पर्व पर भी मंडियों में लुट रहे : सुरजेवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- रणदीप सुरजेवाला ने किया पिपली व थानेसर की अनाज मंडी का दौरा

हरियाणा के किसान नवरात्रि के पावन पर्व में भी मंडियों में लुट रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का चुनावी वादा पीआर धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदने का पूरी तरह खोखला साबित हो गया है। आज खरीफ सीजन के पांचवें दिन भी सरकारी खरीद शुरू होने का नाम नहीं ले रही, और किसान नमी के बहाने 2,369 रुपये के एमएसपी से भी 500 रुपये कम पर मजबूर हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शनिवार को कुरुक्षेत्र जिले की पिपली व थानेसर अनाज मंडियों का दौरा किया।


**कुरुक्षेत्र।** मंडी में अधिकारियों से बातचीत करते कांग्रेस के राष्टीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला।

### सरकार पर किया तीखा प्रहार

*भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सैनी पर पर तीखा प्रहार करते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि नायब सैनी 'नायब हैं गायब'। किसान नवरात्रि के पावन पर्व पर भी मंडियों में लुट रह है, बाढ़ का 50 लाख एकड़ नुकसान मुआवजे के बिना सड़ रहा है, और गेहूं बुआई के लिए डीएपी खाद की कालाबाजारी चरम पर है। सुरजेवाला ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले सैनी ने बड़े-बड़े जुमले उछाले कि धान का एक-एक दाना खरीदेंगे। लेकिन हकीकत में 10 जिलों की मंडियों में 5 लाख मीट्रिक टन धान पड़ा सड़ रहा है।*

# केयू में होगी महर्षि कश्यप पीठ की स्थापना

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कार्यकारिणी परिषद की 287वीं बैठक सम्पन्न

- 23 महत्वपूर्ण मुद्दों पर लिए शैक्षणिक एवं प्रशासनिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में शनिवार को कमेटी रूम में कार्यकारी परिषद की 287वीं बैठक आयोजित हुई, जिसमें 23 महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक निर्णय लिए गए। बैठक में पिछली कार्यकारी परिषद की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा उस पर हुई कार्यवाही की समीक्षा की गई। कार्यकारी परिषद ने चयन समितियों की अनुशंसाओं पर प्रोफेसरों के पदोन्नयन, हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर की गई घोषणा के अनुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महर्षि कश्यप पीठ (चेयर) की स्थापना के लिए समिति द्वारा अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं तथा लेटरल एडमिशन नियमावली में संशोधनों को मंजूरी दे दी है। ये संशोधित नियम आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होंगे। बैठक में प्रो. संजीव बंसल, डीन, संकाय सामाजिक विज्ञान को स्थापना समिति में नामित करने की सिफारिश तथा विश्वविद्यालय कैलेंडर में पी.एफ. नियमों को सम्मिलित करने की समिति द्वारा सिफारिश प्रस्तुत की गई।

### अस्थायी स्वायत्तता प्रदान करने का निर्णय लिया

कार्यकारिणी परिषद की बैठक में पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, समालखा को पाँच वर्ष के लिए अस्थायी स्वायत्तता प्रदान करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु संस्थागत विकास योजना की समीक्षा की गई। इस बैठक में प्रो. राकेश कुमार (कंप्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग) को डीन अकादमिक अफेयर्स नियुक्त करने की मंजूरी प्रदान की गई। इस बैठक में कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल सहित कार्यकारिणी परिषद के सदस्य मौजूद रहे।


**शाहबाद।** पूजा करते भक्तजन।

### माता बाला सुंदरी मंदिर में भक्तों ने की पूजा

**शाहबाद।** शारदीय नवरात्रों के अवसर पर नगर के माता बाला सुंदरी मंदिर के भवन को रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। नवरात्रों के मौके पर नगर और दूर दराज से माता के भगत माता के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। पांचवे नवरात्रि के उपलक्ष में स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई। माता को नारियल चुन्नी और प्रसाद लगाया गया। मंदिर के प्रशासक टीकाराम गौतम ने मंदिर के भवन में पहुंचकर माता की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया। लोग सुबह 4 बजे से ही माता के दर्शनों के लिए पहुंच गए और कतारों में लगकर मां भगवती के दर्शन किए। पूरा भवन माता के जयकारों से गूंजायमान रहा। भवन के बाहर खेल और प्रसाद की दुकान लगी रही। मंदिर के मुख्य पुजारी ऋषि राज और सतीश शर्मा ने बताया कि मंदिर में आसपास के गांव से भक्तजन माता के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

# नंबरदारों को मासिक भता 11000 रुपये प्रति माह दिए जाने की मांग

## नंबरदार एसोसिएशन ने सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नम्बरदार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र की बैठक गुर्जर धर्मशाला में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संत लाल एवं पूर्ण सिंह ने की। बैठक का आयोजन जिला प्रधान चौधरी रणबीर सिंह खैरी द्वारा किया गया। बैठक में हरियाणा सरकार के पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक के दौरान एसोसिएशन ने मुख्य मांगें सरकार के समक्ष रखीं जिनमें 75 वर्ष से अधिक आयु के नम्बरदारों को न हटाया जाए। नम्बरदारों के लिए अनिवार्य मेडिकल जांच की शर्त समाप्त की जाए। नम्बरदार की नियुक्ति उसी के परिवार से की जाए। परिवार में एक से अधिक योग्य व्यक्ति हों तो सरबरा नम्बरदार बनाया जाए। .नंबरदारों का मासिक भता 11000 रुपए प्रति माह दिया जाए। इन सभी मांगों को लेकर जिला प्रधान रणबीर सिंह खैरी एवं जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि सुभाष सुधा को मांग पत्र सौंपा गया।


**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा को मांग पत्र सौंपते नंबरदार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### समाधान का करूंगा प्रयास : सुधा

*मुख्य अतिथि सुभाष सुधा ने कहा कि मैं स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर इन जायज और आवश्यक मांगों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर थानेसर के प्रधान रामसरूप, बबैन के प्रधान नरेश सैनी, इस्माइलाबाद के प्रधान सरदार सतनाम सिंह नागरा, लाडवा के प्रधान सुभाष, पेहोवा के प्रधान सरदार गुरबाचन सिंह आदि मौजूद रहे।*



### छात्र-छात्राओं ने नशे से दूर रहने की ली शपथ

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिदेर्शों, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित किये जा रहे हैं। पुलिस उपाधीक्षक गजेंद्र सिंह के सर्वेक्षण में ये कार्यक्रम हो रहे हैं। नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पेहवा पहुंचे हुए थे। प्राचार्य कंवल कुमार की अध्यक्षता में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम हुआ जिसमें 250 छात्र छात्राओं, 20 अनुदेशकों और 16 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। वर्ग अनुदेशक मोहन लाल शर्मा ने मंच का संचालन किया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत यह विशेष जागरूकता कार्यक्रम किया और नशे के विरुद्ध विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि जीवन में सदैव नशे से बचें। नशे से क्यों बचें और नशे के क्या क्या दुष्प्रभाव होते हैं। इस पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यद्यपि हरियाणा में नशा तस्करी के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम के समापन पर शपथ ग्रहण करवाई। प्राचार्य कंवल कुमार ने धन्यवाद करते हुए कहा कि वे इस अभियान को सफल करेंगे।

### कोच विजय का गुरुकुल से गहरा नाता

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बेस्ट एथलेक्टिस कोच पुरस्कार से सम्मानित हुए विजय कुमार मलिक का गुरुकुल कुरुक्षेत्र से गहरा नाता रहा है और खेलों में उन्हें लाने का श्रेय भी गुरुकुल कुरुक्षेत्र के तत्कालीन प्राचार्य और वर्तमान में गुजरात एवं महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत को जाता है। दरअसल, गुरुकुल कुरुक्षेत्र में छात्रावास में रहने के दौरान आचार्य देवव्रत ने विजय कुमार के अन्दर छिपी खेल प्रतिभा को पहचाना और उसे एथलेटिक्स में मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इतना ही नहीं विजय की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए जो आवश्यक थीं, वे सभी सुविधाएं भी आचार्यश्री ने उपलब्ध करवाई जिसका परिणाम आज सभी के समक्ष है। यह शब्द बेस्ट कोच के पुरस्कार से नवाजे गये विजय कुमार ने दूरभाष पर गुरुकुल प्रतिनिधि से कहे। विजय कुमार ने कहा कि आचार्य देवव्रत की प्रेरणा से ही उन्होंने गुरुकुल कैम्पस में एथलेटिक्स की ए,बी,सी सीखी। आचार्यश्री के ध्येय वाक्य नीयत साफ-मंजिल आसान और कठिन परिश्रम को जीवन में आत्मसात किया और देखते ही देखते उनका जीवन पूरी तरह बदल गया। विजय ने बताया कि गुरुकुल में अध्ययन के दौरान वे प्रातः 3 बजे उठकर ही प्रैक्टिस में लग जाते थे। बता दें कि विजय कुमार वर्ष 2009 से 2011 तक गुरुकुल कुरुक्षेत्र के विद्यार्थी रहे। इस बीच उन्होंने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के दम पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जिला और राज्य स्तर पर अनेक पुरस्कार जीते। आचार्य देवव्रत ने उनकी अद्भुत खेल प्रतिभा को पहचाना और गुरुकुल में ही उन्हें बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जिसकी बदौलत एथलेटिक्स में वे आगे बढ़े और आज इस मुकाम पर पहुंचे।


विजय कुमार।

**धर्म-कर्म**

## ढोल-नगाड़ों के साथ भद्रकाली मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

# स्कंदमाता को मां दुर्गा का मातृत्व परिभाषित करने वाला स्वरूप माना जाता : सतपाल शर्मा

अभिषेक जागरण पार्टी ने मां के भजन गाए, जमकर थिरके भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मां भद्रकाली मंदिर में शनिवार को दर्शनों के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। उपवास पर रहे कुछ भक्त दंडवत करते हुए ढोल नगाड़ों के साथ मंदिर पहुंचे। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि स्कंदमाता को माँ दुर्गा का मातृत्व परिभाषित करने वाला स्वरूप माना जाता है। उन्होंने आगे बताया कि सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक, इनका भक्त, अलौकिक तेज एवं कांति से संपन्न हो जाता है ।


**कुरुक्षेत्र।** भद्रकाली मंदिर में दर्शनों के लिए पहुंचे श्रद्धालु।

### भजन संध्या में जमकर झूमे भक्त

आज सुबह मंदिर कपाट खुलने से पहले ही श्रद्धालुओं की भीड़ माँ के दर्शन के लिये आतुर थी। प्रातः 6 बजे मंगला आरती परविंदर नरूला द्वारा संपन्न की गई। आरती में 5 मिष्ठान और 5 प्रकार के फलों का भोग लगाया गया। दोपहर 12 बजे अंशवीर ,दोपहर 2 बजे नवरात्रि व्रत भंडारा अनिल सूरी द्वारा आयोजित किया गया। इसके साथ ही प्रातः 10 बजे दिनेश गोयल तथा दोपहर 12 बजे जगदीश गोयल,दोपहर 2 बजे महावीर,शाम 4 जसबीर सिंह द्वारा नवरात्रि अन्नपूर्णा भंडारा किया गया । शाम की भजन संध्या में अभिषेक जागरण पार्टी ,सिरसिला द्वारा माँ के भजन गाए गए। सभी भक्त माँ की मस्ती में झूमते नाचते दिखाई दिए। भक्तों की विशेष मांग पर कन्याओं के ऊपर और देशभक्ति के गीत भी सुनाए गए। शाम को कत्थक नृत्य भी मां के चरणों में अर्पित किया गया।

### भक्तों को किया आमंत्रित

मुख्य अतिथि के रूप में परमजीत सिंह उपस्थित रहे। हर बार की तरह नवरात्रि आयोजन बड़े और भव्य कार्यक्रमों को धार्मिक मयार्दाओं के साथ मनाया जा रहा है। पीठाध्यक्ष ने सभी भक्तों को श्री दुर्गाष्टमी जागरण में आमंत्रित किया क्योंकि इस बार विशेष रूप से माँ भद्रकाली जी की महाआरती लांच की जाएगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ एम के मौदगिल, हेमराज शर्मा, डॉ संजय शर्मा, देवीदयाल शर्मा, संजीव मित्तल, निकुंज शर्मा, देवेंद्र गर्ग, रामपाल लाठर, आशीष दीक्षित, इत्यादि भक्तजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज सोना जेवरात लेकर रूपये न देने की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। अब उससे गहनता से पूछताछ की जाएगी। मटहेड़ी शेखां के हरनेक सिंह ने 23 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 जून 2025 को आरोपी अभिषेक ने गांव मटहेड़ी शेखां में नन्यौला रोड पर स्थित उसकी सुनार की दुकान से सोना अंगूठियां लेकर रकम न देने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है।

### पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**अंबाला।** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा विशेष ''सेवा पखवाड़ा'' अभियान के तहत छात्र-छात्राओं व महिलाओं व आमजन को यातायात तथा महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सेवा पखवाड़ा'' के तहत सरकारी कॉलेज साहा में आमजन को पर्यावरण सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात के नियमों का पालन करने बारे, सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक सिग्नल, ओवर स्पीड, शराब पीकर गाड़ी न चलाने तथा साइबर अपराध से बचाव और नशे से दूर रहने बारे जागरूक किया।

### धमकी देने के मामले में दो को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज किडनेप करके मारपीट कर चोट पहुंचाने हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी सुखदेव सिंह व गुरदयाल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। गांव तेजा के बलबीर सिंह ने 12 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई कि आरोपी सुखदेव सिंह व अन्य ने गांव मटहेडी शेखां सरकारी स्कूल के पास से उसे किडनैप करके मारपीट करते हुए चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### फास्ट फूड बढ़ा रहा पीसीओडी का खतरा

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग की टीम ने पीसीओडी जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थानेसर में छात्राओं को पीसीओडी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के वाइस प्रिंसिपल राजेंद्र कुमार ने आयुष विवि की टीम का स्वागत किया।

---

शिक्षकों का आरोप, लंबे समय से लंबित नौ मांगों पर सरकार नहीं कर विचार

# 97 कॉलेज शिक्षकों को तीन महीने से नहीं मिल रहा वेतन

## राज्य सरकार के खिलाफ दिया धरना

*ज्ञापन में सभी कर्मचारियों के हस्ताक्षर करवाकर मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी व शिक्षा विभाग के एसीएस को भेजा गया है, शिक्षकों को समय पर नहीं मिल रहा वेतन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

लंबित मांगों को लेकर अब कॉलेज शिक्षक भी राज्य सरकार के खिलाफ लामबंद हो गए। एकजुट होकर हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन से जुड़े शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ धरना देकर प्रदर्शन किया। शिक्षकों की ज्यादातर मांगें लंबे समय से लंबित हैं। इनमें नौ प्रमुख मांगों को सरकार शिक्षक कई बार शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री के ओएसडी, वित्त व शिक्षा विभाग के एसीएस व उच्चतर शिक्षा विभाग के महानिदेशक से मुलाकात कर चुके हैं। इसके बावजुद भी 6-7 साल से लंबित मांगों का कोई समाधान नहीं होने पाया। एसोसिएशन से प्रदेश के 97 सहायता प्राप्त कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी जुड़े हैं। मांगों को लेकर सभी शिक्षकों ने एक घंटे अपने- अपने कॉलेज में प्रदर्शन किया। राज्य सरकार से अपनी नौ प्रमुख मांगों को सरकार से समाधान करने का भी आग्रह किया। इस सिलसिले में एक ज्ञापन सभी कर्मचारियों के हस्ताक्षर करवाकर मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी व शिक्षा विभाग के एसीएस को भेजा गया है। अंबाला जोन के प्रधान डॉ. राजिंद्र देशवाल ने बताया कि प्रदेश के 97 सहायता प्राप्त कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से वेतनमान नहीं मिला।

■ मांगों को लेकर सभी शिक्षकों ने एक घंटे अपने- अपने कॉलेज में प्रदर्शन किया





**अंबाला।** मांगों को लेकर आर्य कॉलेज व एसएसए जैन कॉलेज में प्रदर्शन करते कॉलेज टीचर्स।

### कर्मचारियों की वेतनमान, ग्रेच्युटी व मकान किराया भत्ता संबंधी समस्याएं

जबकि बजट सत्र में वेतनमान, ग्रेच्युटी व लीव इनकैशमेंट का बजट पारित कर दिया था। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि पूरे वर्ष के बजट को वित्त विभाग से एक ही बार पारित करवाकर इस समस्या को दूर किया जाए। 1.1.2006 के बाद कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारियों को ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया जा रहा। कोरोना काल में छह शिक्षक साथियों के आकस्मिक निधन के बाद भी ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया गया जबकि पूर्व नियुक्त सभी कर्मचारियों को ग्रेच्युटी एक्ट 1972 के तहत ग्रेच्युटी का भुगतान किया जा रहा है। मकान किराया भत्ता सभी कर्मचारियों को 1974 से दिया जा रहा है लेकिन 97 सहायता प्राप्त कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग के अनुसार फिक्स्ड मकान किराया भत्ता दिया जा रहा है।

### सहायता प्राप्त कॉलेज कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

देशवाल ने सरकार से सातवें वेतन आयोग के अनुसार अक्तुबर 2019 से मकान किराया भत्ता संशोधित करके देने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि उक्त सभी कर्मचारियों को मेडिकल रीइंबर्समेंट की कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है। लम्बे समय से इसकी मांग हो रही है। इस मांग को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए ।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, बोर्ड व कॉर्पोरेशन में अधिकतम ग्रेच्युटी की राशि 20 लाख से 25 लाख कर दी है। सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों में भी ग्रेच्युटी की राशि 20 लाख से 25 लाख का पत्र जारी होना चाहिए। उन्होंने एक्सग्रेसिया स्कीम 2019 की फाइल सीएम से अनुमोदित होने के बाद उसे लागू किया जाना चाहिए। साथ ही नए लीव रूल 2016 को सभी सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों मे लागू किया जाना चाहिए। इसकी फाइल अभी तक डीजीएचई ऑफिस में लंबित है । देशवाल ने सरकार के वित्त विभाग की ओर से 13.06.2025 को जारी नोटिफिकेशन सभी 97 सहायता प्राप्त कॉलेजों में लागू करने की मांग की। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सेवानिवृति के लाभ 20 साल की सेवा उपरांत देने का भी आग्रह किया है। अभी ये लाभ 28 साल की सेवा के बाद दिए जा रहे हैं।

---

हनुमान की झांकी से दर्शकों में रोमांच

# 151 किलो मिठाई का भोग लगते ही गूंज उठा मैदान



**मुलाना।** हनुमान की झांकी का दृश्य।

■ रामलीला मंचन में उमड़ी लोगों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

देवी मंदिर मैदान में श्रीरामा क्लब की स्टेज पर रामलीला में हनुमान की झांकी देखने लायक थी। हनुमान की झांकी देखने के लिए भारी भीड़ जुटी। श्रीरामा क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में जब हनुमान की भव्य झांकी मंच पर आई और श्रद्धालुओं ने 151 किलो मिठाई का भोग बजरंगबली को लगाया तो पूरा पंडाल बजरंग बली की जय" और "जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठा। भक्तों का जोश और श्रद्धा देखते ही बनती थी। हनुमान की झांकी ने माहौल को पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई भक्ति भाव से सराबोर नजर आया। क्लब के प्रधान अनिल सैनी ने बताया कि रामलीला मंचन 2 अक्तूबर तक चलेगा। हर रात नए-नए प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। इस मौके पर गांव के नंबरदार राधेश्याम, बाला जी निष्काम सेवा समिति और बाला जी समिति ,शिवधाम समिति, ग्राम पंचायत मुलाना, राधे नंबरदार,राजेश पंच गोकलगढ़,पूर्व ब्लॉक प्रधान करन राणा,, आशा वर्कर, मनजीत रावेल ने आरती में भाग लिया।

### हनुमान की कृपा से रहती है सुख समृद्धि

गांव के बुजुर्गों का कहना था कि हनुमान के आशीर्वाद से ही गांव में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इस परंपरा ने गांव की पहचान को और मजबूत किया है। हर साल की तरह इस बार भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रामलीला केवल एक नाटक नहीं बल्कि आस्था और संस्कृति का संगम है जो गांव की एकता और भाईचारे को और गहरा करता है। प्रतिदिन रात को सैंकड़ों श्रद्धालु मैदान में जुटते हैं। देर रात तक मंचन का आनंद लेते हैं। रामलीला मैदान दर्शकों से भरा रहा। श्रद्धालु झांकी देखने के लिए परिवार सहित पहुंचे और बच्चों ने प्रसाद प्राप्त कर बजरंगबली के जयकारे लगाए। महिलाओं ने भोग के अवसर पर अखंड ज्योति प्रज्वलित कर गांव की तरक्की और शांति की कामना की।गौरतलब है कि श्री रामा क्लब वर्ष 1978 से लगातार रामलीला का मंचन करता आ रहा है।

---

# रिटायर्ड फौजी के रिहायशी भवन से 13 तोला सोना व डेढ़ लाख की नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

*प्रभु प्रेम पुरम कॉलोनी में हुई चोरी की वारदात, वारदात के दौरान मालिक गया हुआ था बाहर*

अंबाला छावनी से रात चोरों ने एक रिटायर्ड फौजी और डेयरी संचालक के घर पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर से करीब 13 तोले सोना, 12 तोले चांदी के गहने और 1.50 लाख रुपए नकद चोरी कर लिए। अलमारी में रखे जरूरी दस्तावेज भी गायब मिले। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह वारदात अंबाला छावनी के प्रभु प्रेम पुरम कॉलोनी की है। चोर देर रात चारदीवारी फांदकर घर में दाखिल हुए। उन्होंने दो दरवाजों के ताले तोड़े और फिर घर के अंदर घुस गए। चोरों ने अलमारी और लॉकर तोड़कर गहने व नकदी निकाल ली। चोरी का पता तब चला जब घर का मालिक शुक्रवार सुबह घर लौटा। घर मालिक नविंदर सिंह मूल रूप से गांव कोड़वा खुर्द के रहने वाला है। सेना से रिटायर होने के बाद उन्होंने अंबाला छावनी में डेयरी व्यवसाय शुरू किया था। उन्होंने प्रभु प्रेम पुरम कॉलोनी में गायत्री मंदिर के पास मकान बनाया हुआ है। उनका बेटा और बेटी ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं। एक जून को वह अपनी पत्नी जसविंदर के साथ बच्चों के पास ऑस्ट्रेलिया गए थे। हालांकि, 15 जुलाई को वह भारत लौट आए थे जबकि उनकी पत्नी वहीं रुक गईं। इस दौरान वह खेती-किसानी और डेयरी का काम देख रहे थे। बीते रोज वह गांव में धान की फसल कटवाने गए थे। इसी बीच चोरों ने सुनसान घर को निशाना बना लिया। करीब 11 बजे जब नविंदर सिंह घर लौटे तो उन्हें सबसे पहले मुख्य गेट के अंदर के दरवाजे का टूटा हुआ ताला दिखाई दिया। स्टोर रूम का गेट भी टूटा पड़ा था। घर में प्रवेश करते ही उन्होंने देखा कि अलमारियां खुली पड़ी हैं और सामान बिखरा हुआ है।

---

# शहीद भगत सिंह ने 300 से ज्यादा पुस्तकों का किया अध्ययन

## महात्मा हंसराज पुस्तकालय में शहीद भगत सिंह के जन्मोत्सव पर व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज के महात्मा हंसराज पुस्तकालय में शहीद भगत सिंह के जन्मोत्सव पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय 'शहीद भगत सिंह के जीवन में पुस्तकों का महत्व' रहा। कार्यक्रम के आरम्भ में प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने कहा कि शहीद भगत सिंह डीएवी संस्था के विद्यार्थी रहें हैं। 17 दिसंबर 1928 को सांडर्स वध के बाद डीएवी कॉलेज लाहौर के हॉस्टल में देसराज नाम के छात्र के कमरे में कुछ देर रुके थे। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. सुभाष शर्मा ने बताया कि भगत सिंह जब लाहौर जेल में थे तब द्वारकादास लाइब्रेरी लाहौर से पुस्तकें मंगवाकर पढ़ते थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह ने बताया कि फांसी से दो घंटे पहले भगत सिंह को उनके वकील प्राणनाथ मेहता ने भगत सिंह द्वारा मंगवाई हुई पुस्तक उन्हें दी। जब जेलर चरत सिंह उन्हें फांसी के लिए ले जाने आया तो भगत सिंह ने कहा कि क्या मुझे इस पुस्तक का एक अध्याय भी नहीं पढ़ने दोगे? भगत सिंह ने अपने 23 वर्ष के अल्प काल में 550 से भी अधिक पुस्तकों का अध्ययन किया।

■ भगत सिंह जब लाहौर जेल में थे तब द्वारकादास लाइब्रेरी लाहौर से पुस्तकें मंगवाकर पढ़ते थे



**अंबाला।** व्याख्यान में मौजूद छात्र व शिक्षक।

### भगत सिंह को कई भाषाओं का था ज्ञान

डॉ. चांद ने बताया कि लाहौर में द्वारकादास पुस्तकालय की स्थापना लाला लाजपत राय ने 1920 में करवाई व 7000 पुस्तकें दान की थी। ये पुस्तकें उन्होंने 1913 से 1920 तक इंग्लैंड और अमेरिका में रह कर एकत्रित की थी। उन्होंने कहा कि भगत सिंह को अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत, पंजाबी व हिंदी का ज्ञान था। उन्होंने ब्रिटिश, अमेरिकन, रुसी व यूरोपियन साहित्य का गहराई से अध्ययन किया था। यह भगत सिंह की जेल डायरी से भी प्रमाणित हो जाता है। इस कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. नरेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में डॉ. दर्शन लाल, डॉ. विजेंद्र सिंह नरवाल, डॉ. खुशबू मल्होत्रा, प्रोफेसर अंजली, लाइब्रेरी स्टाफ से प्रोमिला, दीक्षा, राम कृपाल उपस्थित रहे।

---

# बीएससी की सिमरप्रीत की ताजपोशी केमिकल सोसायटी की अध्यक्ष बनी

■ डीएवी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से सोसायटी का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** केमिकल सोसायटी के चयनित पदाधिकारियों के साथ शिक्षक।

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा केमिकल सोसायटी का विधिवत गठन किया गया। इस अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के प्राचार्य राजीव महाजन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर अनुसंधान और नवाचार हेतु प्रेरित किया। स्थापना समारोह के दौरान सोसायटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई। बीएससी तृतीय वर्ष की सिमरप्रीत को सोसायटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष का दायित्व याशिका बीएससी तृतीय वर्ष को सौंपा गया। बीएससी द्वितीय वर्ष की छवि को सचिव, हर्षित को संयुक्त सचिव और नितिन पाल को कोषाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जसमेर सिंह ने छात्र-छात्राओं को इस प्लेटफॉर्म का सदुपयोग करते हुए विज्ञान के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने का संदेश दिया। डॉ. गरिमा सुमरान एवं डॉ. अत्तिमुक्त जैन कार्यक्रम के सह संयोजक रहे।



**बराड़ा।** प्रतियोगिता में विजेता रही स्टूडेंटस।

## कबड्डी में दिखाया दम

**बराड़ा।** चार दिवसीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का समापन उत्साह और गौरवपूर्ण उपलब्धियों के साथ हुआ। इस महोत्सव में देशभर से आए युवाओं ने फुटबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स और बैडमिंटन जैसे विविध खेलों में भाग लेकर अपने खेल कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। खेलों की इस श्रृंखला में संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज की कबड्डी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल कॉलेज, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया।

---

# औद्योगिक क्षेत्र में गंदे पानी की सप्लाई बनी आफत, कैंपरों से कर्मचारी बुझा रहे प्यास

## बाढ़ के बाद ज्यादातर फैक्टरियों में काम शुरू

■ ट्यूबवेल खराब होने से बढ़ी मालिकों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

औद्योगिक क्षेत्र में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे उद्योग संचालकों को पानी के कैंपर कर्मचारियों के लिए मंगाने पड़ रहे हैं।

सितंबर के पहले सप्ताह में जलभराव होने से औद्योगिक क्षेत्र में पेयजल सप्लाई के लिए लगा एचएसआईआईडीसी का ट्यूबवेल भी प्रभावित हुआ जो अभी तक सही नहीं हो सका है। एचएसआईआईडीसी के कर्मचारी ट्यूबवेल को ठीक करने में जुटे हुए हैं। इसी प्रकार सीवरेज के पानी को ट्रीट करने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी अभी तक चालू नहीं हो सका है।

बाढ़ में ये संसाधन भी डूब गए थे, इनमें भी खराबी आ गई है, वहीं दूसरी तरफ औद्योगिक इकाइयों में अभी तक उत्पादन शुरू नहीं हो सका है। अभी मशीनों को ठीक करने का काम कराया जा रहा है। वहीं बिजली के फिक्सड चार्ज में रियायत की उद्योगपति मांग कर रहे हैं। संभवतः अगले सप्ताह में उद्योग संचालक इस मांग को लेकर एक बार फिर सीएम से मिलने जाएंगे। हरियाणा चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज अंबाला चैप्टर के चेयरमैन डॉ. आशावंत ने बताया कि फैक्टरियों में कर्मचारी लौट आए हैं। उन्हें साफ पानी मिले इसके लिए संचालक बाहर से पानी के कैंपर ले रहे हैं।

ट्यूबवेल में कोई खराबी है जिसके कारण अभी भी पानी पीने योग्य नहीं पहुंच रहा है, वहीं अन्य सफाई के कार्य करने हों तो टैंकर मंगाना पड़ता है। क्योंकि मिट्टी के साथ आ रहे पानी से सफाई नहीं की जा सकती है। डॉ. आशावंत ने मांग की है कि सरकार को फिक्सड सरचार्ज की मांग पर गौर करना होगा।

---

### विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों की दी जानकारी



**बराड़ा।** प्रदेश सरकार द्वारा मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) होली में कई रचनात्मक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन सभी गतिविधियों का संचालन प्रधानाचार्य अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में किया गया। स्किल अनुदेशक विपिन शर्मा द्वारा विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग सेशन आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों, साक्षात्कार की तैयारी और विभिन्न कौशल विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नवरात्रि का किया भव्य आयोजन

# रंगीन डांडिया पर थिरकी छात्राएं, रंगोली से प्रतिभा का किया प्रदर्शन

■ कॉलेज में भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण व्याप्त हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नवरात्रि का भव्य आयोजन बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज परिवार ने न केवल धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपराओं को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत माता दुर्गा की विधिवत पूजा और हवन से हुई। इसमें कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामलखन माली, फैकल्टी सदस्य तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। माता दुर्गा से ज्ञान, शक्ति और समृद्धि की कामना करते हुए पूरे परिसर में भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण व्याप्त हो गया। इसके उपरांत छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। रंग-बिरंगे और आकर्षक डिज़ाइन की गई रंगोलियों ने पूरे आयोजन स्थल की शोभा बढ़ा दी।



**अंबाला।** कार्यक्रम के दौरान बनाई रंगोली का प्रदर्शन करती छात्राएं।

### छात्रों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा और डांडिया की प्रस्तुतियां दीं

रंगोलियों में पारंपरिक धार्मिक प्रतीक, देवी स्वरूप और उत्सव की झलकियां देखने को मिलीं, जिससे छात्रों की कला और सौंदर्यबोध का स्पष्ट परिचय हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ऊर्जावान और रंगीन डांडिया नृत्य रहा। छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर तालबद्ध ढंग से गरबा और डांडिया की प्रस्तुतियां दीं। उनके मनमोहक प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। इस दौरान छात्रों ने न केवल अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि एकता, सहयोग और सामूहिक उत्सव की भावना को भी साकार किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामलखन माली ने सभी छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने छात्रों की रचनात्मकता, मेहनत और सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान फैकल्टी सदस्यों का मार्गदर्शन और सहयोग भी उल्लेखनीय रहा। इस भव्य आयोजन ने न केवल कॉलेज में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत किया, बल्कि छात्रों में उत्साह और ऊर्जा का संचार भी किया।